आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 07.04.2024

मुख्य समाचारः—

1— भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बस्तर जिले के छोटे आमाबाल में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

2— प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में कल नाम वापसी का अंतिम दिन।

3— बलौदाबाजार—भाटापारा में एम्बुलेंस से दो करोड़ इकतालीस लाख रूपए का गांजा बरामद—अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार।

4— कबीरधाम जिले में स्थित ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर में भोरमदेव महोत्सव शुरू—लोक पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित।

प्रधानमंत्री—जगदलपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। वे कल बस्तर जिले के छोटे आमाबाल गांव में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के अनुसार इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इस सिलसिले में पहले ही भाजपा के छत्तीसगढ़ चुनाव प्रभारी नितिन नबीन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित अन्य नेता भानपुरी क्षेत्र के आमाबाल गांव पहुंचकर सभा स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं। वहीं, आज छोटे आमाबाल में बने सभा स्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा नेता केदार कश्यप ने कहा कि श्री मोदी की रैली में बस्तर और कांकेर लोकसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में उन्नीस अप्रैल को बस्तर में मतदान होगा। वहीं, दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा सीट में छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

लोकसभा चुनाव—प्रचार

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की पूर्ववर्ती सरकार पर आमजनता के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है। जशपुर जिले के कुनकुरी में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा में साधारण कार्यकर्ताओं को ही चुनाव लड़ने का मौका दिया जाता है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जुटकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ कांग्रेस नेता डॉक्टर चरणदास महंत के बयान को कांग्रेस की हताशा का परिणाम बताया।

वहीं, कुनकुरी में मीडिया से चर्चा करते हुए श्री साय ने दावा किया कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद माओवाद के खिलाफ लड़ाई में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सुरक्षा बलों ने कई माओवादियों को मारने में सफलता हासिल की है और बड़ी संख्या में आधुनिक हथियार भी बरामद किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने आज जशपुर के पत्थलगांव में भी भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने राज्य की भाजपा सरकार पर कई महिलाओं को महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त नहीं देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार इस योजना को लेकर केवल बयानबाजी कर रही है और कई हितग्राहियों के खाते में अब तक दूसरी किश्त जमा नहीं की गई है।

नामांकन–नाम वापसी

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में कल आठ अप्रैल को नाम वापसी का अंतिम दिन है। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

नामांकन पत्रों की जांच के बाद राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में उन्नीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, महासमुंद क्षेत्र से अट्ठारह उम्मीदवार और कांकेर लोकसभा क्षेत्र से नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

राज्यपाल–छात्रावास उद्घाटन

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज रायपुर स्थित राजकुमार कॉलेज के नये छात्रावास भवन का उद्घाटन किया। श्री हरिचंदन ने कॉलेज का भ्रमण किया और विजिटर बुक में अपने उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने लिखा कि राजकुमार कॉलेज में महात्मा गांधी से लेकर अनेक महत्वपूर्ण व्यक्ति पधारे थे। यहां का वातावरण रचनात्मकता के लिए प्रेरित करता है और उत्साह बढ़ाने वाला है।

इस अवसर पर राजकुमार कॉलेज सोसायटी के सामान्य परिषद के अध्यक्ष टी. एस. सिंह देव और प्रबंध समिति के चेयरमेन टी.सी. देब के अलावा फेकल्टी मेंम्बर और विद्यार्थी उपस्थित थे।

गांजा तस्कर–गिरफ्तार

प्रदेश में गांजा तस्करी करने वाले दो अंतर्राज्यीय गिरोह का आज पर्दाफाश हुआ है और इन मामलों में कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पहली घटना बलौदाबाजार–भाटापारा की है, जहां आरोपी पुलिस को झांसा देने के लिए गांजा तस्करी में एम्बुलेंस का इस्तेमाल कर रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना के बाद बलौदाबाजार–भाटापारा सड़क मार्ग के पटपर चौक में नाकाबंदी कर पुलिस ने एक सौ आठ एम्बुलेंस वाहन को रोका। जब वाहन की जांच की गई तो इससे दो करोड़ इकतालीस लाख रूपए की अधिक कीमत का लगभग साढ़े सात सौ किलो गांजा बरामद किया गया। इस मामले में एम्बुलेंस सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार यह गांजा रायपुर से मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा था। इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है और गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

वहीं, दुर्ग की रेलवे पुलिस ने भी गांजा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके पास से अड़सठ किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग तेरह लाख पैंसठ हजार रूपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मंडल टास्क टीम और आर.पी.एफ. ने पुरी–अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन से इस व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। यह व्यक्ति अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के लिए काम करता था और गांजा बेचने के लिए उत्तरप्रदेश जा रहा था।

रायपुर आगजनी–जांच

रायपुर में रामनगर, गुढ़ियारी इलाके में स्थित बिजली विभाग के सब डिवीजन परिसर में बीते पांच अप्रैल को आग लगने के मामले की जांच छह सदस्यीय समिति ने शुरू कर दी है। इस समिति का गठन छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर भीम सिंह कँवर की अध्यक्षता में किया गया है।

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए श्री कँवर ने बताया कि यह जाँच समिति आग लगने के कारण, दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोग और इस दुर्घटना से कंपनी को हुए वित्तीय और भौतिक क्षति की जांच करेगी। साथ ही भंडार गृह को संचालित करने की वैकल्पिक

व्यवस्था और भविष्य में इस प्रकार की अन्य दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए सुझाव के बिंदुओं पर जाँच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जाँच समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट कार्यालय कार्यपालक निदेशक के समक्ष पेश करेगी।

इस बीच, बिजली विभाग सब डिवीजन में लगी आग को बुझाने का काम पूरा कर लिया गया है। इस आगजनी में कंपनी की करोड़ों रूपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई है।

माओवादी विस्फोटक बरामद

सुकमा जिले में माओवादियों के खिलाफ चलाए गए आपॅरेशन में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। डब्बामरका इलाके से माओवादियों द्वारा बड़ी मात्रा में रखी गई विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इनमें जिलेटिन डेटोनेटर, बीजीएल सेल और अन्य सामान शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, कोबरा बटालियन और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ़ की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इन दिनों प्रदेश में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जांजगीर में जिला प्रशासन और यूनिसेफ के सहयोग से हसदेव के हीरो युवोदय वॉलिंटियर्स ने 'फ़्लैश मॉब डांस' के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। कचहरी चौक में आयोजित इस कार्यक्रम में हीरो युवोदय वॉलिंटियर्स ने मतदान के लिए प्रेरित करने वाले गाने पर 'फ़्लैश मॉब डांस' कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने भी इस कार्यक्रम को देखा वे इससे प्रेरित हुए और कहा कि वे मतदान जरूर करेंगे।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुए। इस मौके पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत आयोजित रोजगार दिवस के मौके पर शत–प्रतिशत मतदान के लिए मनरेगा के इंक्यावन हजार से अधिक श्रमिकों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। इनमें युवा और महिला मतदाता भी शामिल थी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत पडरिया, धरदेई, भैंसो, मुलमुला और कोसा गांव में श्रमिकों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया।

दुर्घटना

बेमेतरा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस में आज आपस में भिंड़त के बाद दो ट्रकों में आग लग गई। मिली जानकारी के मुताबिक बैजी गांव के पास एक ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी। तभी एक अन्य ट्रक ने पीछे से आकर टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों ही ट्रकों में आग लगने से इसमें रखा हुआ सामान जल गया। फायर बिग्रेड की मदद से इस आगजनी पर काबू पाया गया। घटना में ट्रक चालक घायल हो गया है।

भोरमदेव महोत्सव

कबीरधाम जिले में स्थित ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर में भोरमदेव महोत्सव शुरू हो गया है। दो दिवसीय इस महोत्सव की शुरूआत कल विशेष पिछड़ी जनजाति के बैगा नृत्य के साथ हुई। इसके बाद स्कूली बच्चों और कलाकारों ने विभिन्न लोक–पारंम्परिक कार्यक्रम पेश किए।

जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन और जन आस्था के रूप में इस स्थल का काफी महत्व है। यहां साल भर विदेशी और घरेलू पर्यटकों का

आना–जाना लगा रहता है। भोरमदेव मंदिर के पुजारी ने बताया कि मान्यता के अनुसार भोरमेदव मंदिर में प्रत्येक वर्ष होली के बाद तेरस और चौदस को बाबा भोरमदेव के लिए विशेष दिन रहता है। कल तेरस के दिन मंदिर में विशेष अनुष्ठान और दिव्य श्रृंगार सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान किया गया।

<u>बिहान महिला समूह</u>

जांजगीर–चाम्पा जिले में बहेराडीह के बिहान की महिलाएं, बड़ी के साथ  एक नया प्रयोग कर अपने कारोबार को आगे बढ़ा रही है। सामान्य रूप से तो लोग दाल से बनी हुई बड़ियों के बारे में ही जानते हैं, लेकिन गंगे मईय्या स्व सहायता समूह की महिलाएं बीते कई वर्षों से नीम फूल की बड़ी बनाने का काम   कर रही हैं। इस बड़ी की कीमत प्रति किलो एक हजार रुपये तक है और बाजार में इसकी अच्छी–खासी मांग भी है।

समूह की अध्यक्ष लक्ष्मीन यादव और सचिव पुष्पा यादव ने बताया कि साल भर में केवल एक बार गर्मी के मौसम में उन्हें पर्याप्त मात्रा में नीम का फूल मिलता है और वे इससे बड़ी बनाती है। हालांकि समूह की महिलाएं मुनगा, मशरूम और पपीता के अलावा अन्य चीज़ों से भी बड़ी बनाकर अच्छी आमदनी हासिल कर रही है। वहीं, इस महिला समूह द्वारा बनाए गए तरह–तरह के आचार और पापड़ की भी बाजार में खूब मांग है। बिहान के सदस्यों ने बताया कि महिला समूहों द्वारा बनाए गए सामानों की बिक्री के लिए जांजगीर में सी–मार्ट बनाया गया है। साथ ही बहेराडीह गांव में संचालित किसान स्कूल से भी इन उत्पादों की बिक्री हो रही है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– रायपुर में आज भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित इस सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय सह–संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और उप मुख्यमंत्री अरूण साव सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

– सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र स्थित घोघरी गांव के पास कार की टक्कर से मोटर सायकल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>